संख्या:7/2016/178/61-2016.

प्रेषक,

एस0 पी0 उपाध्याय,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

निर्वाचन अनुभाग, लखनऊ: दिनांक: 10 मार्च, 2016.

विषय: नवसृजित जनपदों **शामली** (प्रबुद्धनगर), **हापुड़** (पंचशीलनगर) एवं **सम्भल** (भीमनगर) के जिला निर्वाचन कार्यालयों के सृजित अस्थाई पदों की निरन्तरता स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या:278/61-2015, दिनांक 07 अप्रैल, 2015 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों यथा-**शामली** (प्रबुद्धनगर), **हापुड़** (पंचशीलनगर) एवं **सम्भल** (भीमनगर) हेतु निम्न विवरण के अनुसार अस्थाई पदों, जिनका कार्यकाल 29 फरवरी, 2016 तक स्वीकृत है, की निरन्तरता वतर्मान शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन दिनांक 28 फरवरी 2017 तक बढ़ये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति इस शर्त के अधीन प्रदान करते है कि ये पद इससे पूर्व भी बिना किसी सूचना के समाप्त किये जा सकते हैं:-

क्र0स0	पदनाम	वेतन बैण्ड/वेतनमान/पुनरीक्षित वेतन संरचना (वेतनमान+ग्रेड पे)	तीन जनपदों हेतु स्वीकृति पद
1	सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी	रू0 9300-34800+4200	03
2	कैशियर कम स्टोर कीपर	5200-20200+2400	03
3	वरिष्ठ सहायक	5200-20200+2800	03
4	कनिष्ठ लिपिक/टंकक	5200-20200+1900	03
5	चपरासी	5200-20200+1800	03 आउट सोर्सिग से भरे जायेगें।
6	चौकीदार	5200-20200+1800	03 आउट सोर्सिग से भरे जायेगें।
		योग	18

2- उक्त पदों के पदधारकों को शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत आदेशों के अनुसार महगाई एवं अन्य भत्ते देय होगे।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वर्ष 2016-2017 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-41 के अर्न्तगत लेखाशीर्षक "2015-निर्वाचन-आयोजनेतर-103-निर्वाचक नामावली तैयार करना और मुद्रण -05-निर्वाचन अधिष्ठान व्यय" के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाइयों के नामे डाला जायेगा।

----/2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- ये आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या: ए-2-2574/दस-98-24(8)/92, दिनांक 02 दिसम्बर, 1998 द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(एस0 पी0 उपाध्याय)
उप सचिव।

संख्या: 7/2016/178(1)/61-2016, तदिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार (प्रथम), उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, **शामली** (प्रबुद्धनगर), **हापुड़** (पंचशीलनगर) एवं **सम्भल** (भीमनगर)
(3) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12.
(4) कोषाधिकारी, **शामली** (प्रबुद्धनगर), **हापुड़** (पंचशीलनगर) एवं **सम्भल** (भीमनगर)
(5) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(एस0 पी0 उपाध्याय)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।